# मुकुल माधव फाउंडेशन की अनोखी पहल

## रूबी हॉल क्लीनिक और हिलींग लिटल हार्ट्स 22 बच्चों का हार्ट ऑपरेशन करेंगे

पुणे, 13 जुलाई (आ.प्र.)

फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज के सीएसआर पार्टनर मुकुल माधव फाउंडेशन की अगुवाई में एक अनूठे उपक्रम के तहत् 4 से 20 वर्ष उम्र गुट में 22 बच्चों का मुफ्त हार्ट ऑपरेशन किया जाएगा. इस उपक्रम में हिलींग लिटल हार्ट्स (यू.के.) और रूबी हॉल क्लीनिक पुणे ये दो संस्थाएं शामिल हैं.

समाज के पिछड़े वर्ग में लोगों को मेडिकल सुविधाओं का लाभ दिलाने और इन सुविधाओं के संबंध में पैदा हुई खाई को पाटने के उद्देश्य से इस अनोखे उपक्रम का प्रारंभ हुआ. हर साल 3 महीनों में एक बार इंग्लैंड से 6 एक्सपर्ट्स की टीम रूबी हॉल में बच्चों का हार्ट ऑपरेशन कराने और ऑपरेशन के बाद जरूरी देखभाल हेतु मार्गदर्शन कराने पुणे का दौरा करती है. रूबी हॉल ऑपरेशन हेतु जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ इन बच्चों की जांच करने में मदद करता है. करीब 50 प्रतिशत से अधिक ऑपरेशन्स के रेट में 20 से 80 प्रतिशत तक छूट दी जाती है. सन् 2014 मे शुरू हुए इस उपक्रम में अब तक 68 बच्चे लाभान्वित हुए हैं.

- हार्ट ऑपरेशन के खर्च में 20 से 80 प्रतिशत छूट दी जाएगी

मुकुल माधव फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी रितु छाब्रिया ने बताया ''भारत में रूबी हॉल के डॉ. मनोज दुराईराज, केरल के डॉ. स्मार्टिन अब्राहम जैसे उत्कृष्ट सर्जन हैं, जो बच्चों के ऑपरेशन्स करेंगे. लेकिन ऑपरेशन्स के बाद आवश्यक देखभाल हम पूरी तरह से कर नहीं पाते. इसी कमी को ध्यान में रखकर उसे दूर करने और बच्चों को फिर से उत्कृष्ट, स्वस्थ जीवन जीने का अवसर देने हेतु हम हिलींग लिटल हार्ट्स संस्था से जुड़े हुए हैं.''

इंग्लैंड में हिलींग लिटल हार्ट्स के संस्थापक और भारतीय वंश के डॉ. संजीव निचानी ने कहा, ''इतने छोटे बच्चों का ऑपरेशन करना सचमुच एक चुनौती है. ऐसा काम बिना बाधा पूरा करने से मिली सफलता का संतोष बहुत बड़ा होता है. ऐसे उपक्रम में शामिल होकर देश सेवा करने पर गर्व का एहसास होता है.'' रूबी के चीफ हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. परवेज ग्रांट ने कहा,''हम हिलींग लिटल हार्ट फाउंडेशन के आभारी हैं. उन्होंने छोटे बच्चों के हार्ट की देखभाल करने के उपक्रम को प्रोत्साहन दिया. इसके आगे भी रूबी हॉल क्लीनिक इस कार्य के लिए जरूरी आर्थिक और इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा.'' यह आश्वासन उन्होंने दिया.